**E-mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**संचिका सं0** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 2209 **पटना, दिनांक**– 23/05/2025

# आदेश

बन्दोबस्त पदाधिकारी, समस्तीपुर के पत्रांक 98 दिनांक 07.02.2025 द्वारा श्री राहुल सिंह (AEN11142), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध दिनांक 27.08.2024 को आकस्मिक अवकाश का आवेदन देने के बाद लगातार अनुपस्थित रहने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 787 दिनांक 18.02.2025 द्वारा श्री सिंह से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 1385 दिनांक 24.03.2025 द्वारा बन्दोबस्त पदाधिकारी से मंतव्य की मांग की गयी है। तदोपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी के पत्रांक 293 दिनांक 28.03.2025 द्वारा मंतव्य उपलब्ध कराया गया है।

बन्दोबस्त पदाधिकारी से प्राप्त मंतव्य में दिनांक 27.08.2024 को आकस्मिक अवकाश का आवेदन देने के बाद लगाार अनुपस्थित रहने एवं 03.09.2024 को शिविर प्रभारी सिंधिया को त्याग पत्र आवेदन समर्पित करने का उल्लेख किया गया है। साथ ही इनके द्वारा लगातार चार माह तक सक्षम पदाधिकारी से अवकाश स्वीकृति प्राप्त किये बिना अनाधिकृत रूप से मुख्यालय से अनुपस्थित रहना इनके द्वारा पूर्व में त्याग पत्र दिया जाना, जिससे यह प्रतीत होता है कि श्री सिंह को विभागीय कार्यों में रूचि नहीं है तथा स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए दिनांक 27.08.2024 से संविदा समाप्त करने की अनुशंसा की गयी है।

सभी अभिलेखों के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण किया जाना है। इनका इतनी लम्बी अवधि से अनुपस्थित रहने से इन्हें आवंटित कार्य बाधित हुआ है एवं इनका आचरण स्वच्छ संविदा कर्मी के सर्वथा प्रतिकूल है, इस परिपेक्ष्य में इनका संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः ''बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 यथा संशोधित नियमावली, 2022'' की कंडिका–08 (4) के तहत श्री सिंह (AEN11142) विशेष सर्वेक्षण अमीन का दिनांक 27.08.2024 से संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

Sd/- 22/5/25
**(कमलेश कुमार सिंह)**
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 2209 **पटना, दिनांक** : 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्री राहुल सिंह (AEN11142), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ प्रेषित।

Sd/- 22/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 2209 **पटना, दिनांक** : 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, बन्दोबस्त कार्यालय, समस्तीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 22/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03/भू0अ0नि0 (4) सं0 आ0 (दरभंगा प्र0)–10/2025 2209 **पटना, दिनांक** : 23/05/2025

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R सॉफ्टवेयर के अन्तर्गत संबंधित कर्मी की व्यक्तिगत संचिका में संधारित करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 22/5/25
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप